# बड़ी घटनाओं को कण्ट्रोल करेंगे पुलिस के कमाण्डो

झाँसी : आइजी, एसएसपी, ट्रेनर (सीओ) के साथ स्पेशल टीम के कमाण्डो। जागरण

**झाँसी** : आपातकालीन स्थिति से निपटने, आतंकी हमला, बन्धक बनाने, कॉम्बिंग व दंगा नियन्त्रण जैसी बड़ी घटनाओं को कण्ट्रोल करने के लिए पुलिस महानिरीक्षक सुभाष सिंह बघेल के निर्देश पर एसएसपी दिनेश कुमार पी ने स्पेशल स्वॉट टीम का गठन किया है। 19 सदस्यीय टीम के कमाण्डो को एटीएस में शामिल रहे मनीष सोनकर (सीओ मऊरानीपुर) ट्रेनिंग दे रहे हैं।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि कमाण्डो को इन्सास, एके-47 राइफल, स्पेशल वर्दी, डांगरी, बुलेट प्रूफ जैकेट से लैस किया गया है। विषम परिस्थितियां आने पर स्पेशल स्वॉट टीम कार्य करेगी। इन पुलिसकर्मियों को अतिरिक्त ट्रेनिंग दी गयी है। ये शारीरिक व मानसिक दक्षता में निपुण हैं। कमाण्डो 20 मिनट में 5 किलोमीटर, 6 मिनट में डेढ़ किलोमीटर तक दौड़ सकेंगे। इनको जीपीएस, ड्रोन इस्तेमाल की जानकारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि बड़ी घटनाओं में एनएसजी के आने में समय लगता है, ये टीम उनके समकक्ष कार्य करेगी। इनका कार्यक्षेत्र झाँसी, ललितपुर व जनपद जालौन होगा।

## पंचायत चुनाव में निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

आगामी पंचायत चुनाव के दौरान इस स्पेशल स्वॉट टीम की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कमाण्ड कर रहे एसएसपी को जैसे ही घटना की सूचना मिलेगी, उसके कुछ देर बाद ही टीम मौके पर पहुँच जायेगी। अब खुराफातियों की कोई भी चाल एवं दंगा करने वालों के मंसूबे सफल नहीं हो पायेंगे। अगर उन्होंने ऐसा कुछ करने का प्रयास किया तो उन्हें घातक परिणाम भुगतने होंगे।